जागरण

# नकली डीजल गिरोह का हुआ भंडाफोड़

Publish Date:Thu, 01 Aug 2019 06:21 AM (IST)

अमेठी : जिले में नकली डीजल बनाकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हो गया है। पुलिस व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त छापेमारी में 22 सौ लीटर डीजल सहित उपकरण बरामद किया गया है। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने तीन लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुंशीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मिलावटी तेल का नमूना भर कर जांच के लिए प्रयोग शाला भेजा है।

मुशीगंज थानाक्षेत्र के रायबरेली-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाटमपुर गांव के समीप नहर किनारे बने एक पक्के मकान में नकल डीजल का कारोबार चलाया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर मुंशीगंज पुलिस व अमेठी तहसीलदार के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक विजय कुमार प्रसाद की संयुक्त टीम ने रात दस बजे के बाद छापेमारी की। मौके पर मिले रतन भूषण सिंह निवासी घाटमपुर से पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने मकान पर यह काम कर रहा था। उसके साथ योगेश सिंह व कमलेश सिंह निवासी घाटमपुर साथ काम करते है। छापेमारी के दौरान 22 सौ लीटर मिलावटी डीजल, 140 लीटर मिट्टी के तेल के साथ 34 किलो केमिकल, व भारी संख्या में बडे छोटे ड्रम आदि बरामद किया गया है। बरामद तेल व सामाग्री को जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार ने पुलिस की सुपुर्दगी में कर दिया है। उन्होंने हिरासत में लिए गए व कारोबार में शामिल अन्य लोगों जिनके नाम सामने आए है सभी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। डीएसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी नकल डीजल को पचास रुपये में किसानों को बेचते थे।

Posted By: **Jagran**

**Source:** https://www.jagran.com/uttar-pradesh/amethi-police-goodwork-19450738.html